सतगुरु ने मेरी किन्ही रे सगाई उनको बुला के हथलेवा तो करा दो मुझे श्याम सुन्दर की दुल्हन बना दोऐसी पहनू चूड़ी जो कभी ना टूटे Bhajans Bhakti Songs

आओ मेरी सखियो मुझे मेहँदी लगा दो,
मेहँदी लगा दो, मुझे सुन्दर सजा दो ,
मुझे श्याम सुन्दर की दुल्हन बना दो ,

सतसंग मे मेरी बात चलायी ,
सतगुरु ने मेरी किनी सगाई ,
उनको बोला के हथलेवा तो करा दो,
मुझे श्याम सुन्दर की दुल्हन बना दो ,

ऐसी ओड्ड चुनरी जो रंग नाही छूटे ,
ऐसा वरु दूल्हा जो कबहू ना छूटे ,
अटल सुहाग वाली बिंदिया लगा दो,
मुझे श्याम सुन्दर की दुल्हन बना दो,

ऐसी पहनु चूड़ी जो कभ हु न टूटे,

प्रेम प्रीती धागा कभ हु न छूटे,
आज मेरी मोतियों से मांग तो भरा दो,
सूंदर सजा दो मुझे मेहँदी तो लगा दो,
मुझे श्याम सुन्दर की दुल्हन बना दो,

भक्ति का सुरमा मैं आख मे लगाउंगी।
दुनिया से नाता तोड़ मैं उनकी हो जाउंगी।
सतगुरु को बुला के फेरे तो पडवा दो,
मुझे श्याम सुन्दर की दुल्हन बना दो॥

बाँध के गुन्घ्रू मै उनको रीझुंगी।
ले के इक तारा मै श्याम श्याम गाऊँगी।
सतगुरु को बुला के बिदा तो करा दो,
मुझे श्याम सुन्दर की दुल्हन बना दो॥

Source: https://www.bharattemples.com/sataguru-ne-meree-kinheen-re-sagaee/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw